प्रशासकों, प्रबंधकों व कार्यपालकों हेतु राज्यस्तरीय अभियान

# प्रशासन में निजी स्वार्थ का स्थान नहीं होना चाहिए : राज्यपाल



**भोपाल-म.प्र.।** अभियान के उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर अंतर की गहराई से प्रसन्नता महसूस हो रही है। ऐसे विषयों पर कार्यक्रम की बहुत आवश्यकता है एवं इसका भविष्य में बहुत लाभ होता है। विद्या दूसरों को देने से बढ़ती है। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग भवन में प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों हेतु राज्यस्तरीय अभियान का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस संसार में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जिसे जुबान मिली हुई है। इसलिए जुबान से अच्छे ही बोल बोलने चाहिए। प्रशासन में निजी स्वार्थ, लालच, लोभ आदि का स्थान नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि व्यक्ति में आत्मीयता का भाव बहुत ज़रूरी है। यहां आकर वह आत्मिक भाव जागृत होता है। साथ ही अपने चंचल मन पर कंट्रोल रखना भी ज़रूरी है जो यहां बखूबी सिखाया जाता है। आपके द्वारा आयोजित यह अभियान बहुत सफल होगा ऐसी मेरी शुभकामना है।

माउण्ट आबू से संस्थान के प्रशासक प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्र.कु. हरीश भाई ने कहा कि अच्छा प्रशासक वह जो अपने ऊपर प्रशासन कर सके, अपनी कर्मेन्द्रियों पर प्रशासन कर सके। प्रशासक में डिसिप्लिन, निःस्वार्थ भाव एवं ट्रस्टपीपन जैसे गुणों का होना भी आवश्यक है। दादी प्रकाशमणि जी कहती थीं कि मैं स्व की प्रशासक हूँ। कर्म ज़रूर करना है लेकिन कर्म का सन्यास नहीं करना है।

ब्रह्माकुमारीज़ भोपाल ज़ोन की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. अवधेश दीदी ने शब्दों से सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशासन में उत्कृष्टता लाने के लिए आध्यात्मिकता की आवश्यकता है और राज्यपाल पटेल जी इस क्षेत्र में विशेष हैं। आपने सेवा भावना से विरोधियों को हर बार जवाब दिया है। कार्यक्रम संचालन ब्रह्माकुमारीज़ गुलमोहर सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. डॉ. रीना दीदी ने किया। साथ ही उन्होंने सभी को राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई।

### राज्यपाल ने पाँच अभियानों का किया शुभारंभ

पहला, भोपाल से सिंगरौली
दूसरा भोपाल से बैतूल
तीसरा भोपाल से शिवपुरी
चौथा भोपाल से ग्वालियर
पाँचवा भोपाल से मुरैना

# मातृशक्ति की गरिमा व प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना से बनेगा स्वर्णिम भारत - विजयवर्गीय



**इंदौर-म.प्र.।** समाज में फैली बुराइयों ने मनुष्य के संस्कारों को विकृत कर दिया है। भारत को स्वर्णिम भारत बनाने के लिए नारी के प्रति सम्मान और मातृशक्ति की प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करनी होगी। उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान शिखर स्थित ओमप्रकाश भाई जी सभागृह में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत की दैवी संस्कृति में नारी का बहुत सम्मान था। अब मनुष्य के संस्कारों को फिर से उच्च और श्रेष्ठ बनाना है। आत्म विवेचन और आत्म चिंतन से ही हम सुसंस्कारित होंगे। संस्थान के इंदौर ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी ने महाशिवरात्रि का महत्व बताते हुए कहा कि वर्तमान समय सृष्टि के महा परिवर्तन का समय है, इस काल को संगम युग कहते हैं। इसमें निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा अवतरित होकर आत्मज्ञान और राजयोग से ही मनुष्य के आसुरी स्वभाव और संस्कारों को मिटाकर उन्हें सम्पूर्ण सद्गुणों और दिव्य संस्कारों से युक्त दैवी मानव बना रहे हैं। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि परमात्मा शिव का अवतरण समाज में व्याप्त बुराइयों रूपी विष को समाप्त कर, ज्ञान अमृत का पान कराने के लिए हुआ है। शिव जी की बारात से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें प्रकृति और समाज में सब प्रकार के लोगों के साथ सद्भाव से रहना है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था समाज के हर क्षेत्र में बुराइयों को मिटाकर दिव्य संस्कारों को धारण कराने का प्रेरणास्पद कार्य कर रही है। प्रेमनगर सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शशि दीदी ने सभी को श्रेष्ठ प्रतिज्ञा कराई। इस अवसर पर शिव संदेश सद्भावना शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ कैलाश विजयवर्गीय ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्र.कु. अनिता दीदी ने किया।

- वर्तमान समय सृष्टि के महापरिवर्तन का समय है, इसी को संगम युग कहते हैं
- महाशिवरात्रि पर्व परमात्म अवतरण का यादगार

महाशिवरात्रि पर बनाये विश्व के सबसे बड़े...

# ग्रीटिंग कार्ड को देखने के लिए शहर में उमड़ा जन सैलाब



**पुणे-बाणेर(महा.)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 87वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव पर विश्व के सबसे बड़े ग्रीटिंग कार्ड द्वारा महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं तथा परमात्म अवतरण का शुभ संदेश दिया गया। इस ग्रीटिंग कार्ड की ऊंचाई 62 फीट और चौड़ाई 46 फीट है। इस ग्रीटिंग कार्ड का उद्घाटन ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी ने किया। इस अवसर पर ब्र.कु. नथमल भाई,कटक, ओमशान्ति मीडिया के संपादक ब्र.कु. गंगाधर भाई, डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके, युवा नेता बाबाराजे देशमुख, डॉ. ब्र.कु. त्रिवेणी बहन, डॉ. ब्र.कु. सुवर्णा बहन आदि उपस्थित रहे। इस ग्रीटिंग कार्ड को इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। जिसका सर्टिफिकेट एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स3 के विजेता तथा बिग बॉस मराठी सीज़न3 के विजेता सुप्रसिद्ध अभिनेता जय दुधाने ने अपने हस्तों से राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी, डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके एवं डॉ. ब्र.कु. त्रिवेणी बहन को प्रदान किया।

# शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला का हज़ारों लोगों ने किया अवलोकन



**धमतरी-छ.ग.।** 87वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले के प्रथम दिन "वर्तमान समय शिव जयंती का अद्वितीय महत्व" विषय पर आयोजित परिचर्चा में विधायिका रंजना साहू ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के कार्यक्रम में शामिल होकर जब यहाँ से जाते हैं तो एक नई ऊर्जा के साथ जाते हैं, पॉज़िटिव एनर्जी लेकर जाते हैं।

पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से हम सभी यहाँ शांति से रह रहे हैं, बाहर दुनिया में स्थिति कितनी खराब है। ऐसे कार्यक्रमों से हमें एनर्जी मिलती है। विपिन साहू,सहकारिता एवं दुग्ध महासंघ बोर्ड छ.ग. ने कहा कि यहाँ हम शांति की ओर खुद को चलाने का प्रयास करते हैं। सूर्यप्रभा चेटियर अध्यक्ष,जिला महिला कांग्रेस ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में शांति और प्रेम है। यहां की ज्ञान सरिता में हम बहते जा रहे हैं और पावन बनकर अपने लक्ष्य पर पहुँचेंगे। ब्र.कु. सरिता दीदी ने कहा कि अभी से 87 वर्ष पूर्व श्रीमद् भागवत् गीता में उच्चारे महावाक्य 'यदा-यदा हि धर्मस्य' के वायदे अनुसार परमात्मा शिव अधर्म का विनाश और एक सत्य धर्म की स्थापना करने धरा पर अवतरित हो चुके हैं। मंच संचालन में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के बाद कामिनी कौशिक को ब्र.कु. सरिता दीदी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपक लखोटिया,संपादक एवं मालिक प्रखर समाचार पत्र, श्याम अग्रवाल, उद्योगपति एवं समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे।

### 'शिव दर्शन' मेला में विशेष...

100फीट एरिया में भारत के नक्शे में दर्शाया 12 ज्योतिर्लिंगम रहा आकर्षण का केंद्र

होलोग्राफिक शिवलिंग द्वारा शिव की महिमा का हुआ चित्रण

40 फीट शिवलिंग के दर्शन से सभी हुए अभिभूत

वैल्यूज़ गेम्स द्वारा बच्चों को नैतिक मूल्यों की मिली शिक्षा

भगवान शिव के बहुत सुंदर और रचनात्मक मॉडल बनाकर लाये बच्चे

इस मौके पर शहर में शोभायात्रा निकाल कर दिया गया परमात्म संदेश

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd March, 2023
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा डी.बी. कॉर्प.लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org